ग्रामीण भारत में प्रारंभिक शिक्षा की स्थिति 2023

प्रिलिम्स के लिये:

ग्रामीण भारत में प्रारंभिक शिक्षा की स्थिति, स्मार्टफोन के उपयोग की व्यापकता, शैक्षिक गतिविधियों पर मनोरंजन को प्राथमिकता

मेन्स के लिये:

ग्रामीण भारत में प्राथमिक शिक्षा की स्थिति

चर्चा में क्यों?

हाल ही में शिक्षा मंत्रालय ने **ग्रामीण भारत में प्रारंभिक शिक्षा की स्थिति- 2023** रिपोर्ट जारी की है, जिसमें छात्रों के बीच **स्मार्टफोन के उपयोग की व्यापकता** पर प्रकाश डाला गया है।

- यह रिपोर्ट NGO ट्रांसफॉर्म रूरल इंडिया (NGO Transform Rural India) और संबोधि रिसर्च एंड कम्युनिकेशंस (Sambodhi Research and Communications) के सहयोग से **डेवलपमेंट इंटेलिजेंस यूनिट (Development Intelligence Unit- DIU)** द्वारा किये गए सर्वेक्षण पर आधारित थी।
- इस सर्वेक्षण में **21 राज्यों के ग्रामीण समुदायों में 6-16 आयु वर्ग के स्कूली बच्चों के 6,229 माता-पिता** से प्रतिक्रियाएँ एकत्र की गईं।

सर्वेक्षण के मुख्य निष्कर्ष:

- **स्मार्टफोन का उपयोग और मनोरंजन:**
  - 49.3% छात्रों की **स्मार्टफोन तक पहुँच** है। 76.7% माता-पिता ने बताया कि उनके बच्चे **स्मार्टफोन का उपयोग मुख्य रूप से वीडियो गेम खेलने के लिये करते हैं,** जो **शैक्षिक गतिविधियों पर मनोरंजन को प्राथमिकता** देने का संकेत देता है।
  - इसके अतिरिक्त 56.6% छात्र **फिल्में डाउनलोड करने और देखने के लिये** स्मार्टफोन का उपयोग करते हैं, जबकि 47.3% छात्र गाने डाउनलोड करने और सुनने हेतु स्मार्टफोन का उपयोग करते हैं।
  - इसके विपरीत केवल **34% छात्र अध्ययन-संबंधी सामग्री डाउनलोड करने के लिये स्मार्टफोन का उपयोग** करते हैं और केवल 18% छात्र ट्यूटोरियल के माध्यम से ऑनलाइन शिक्षा ग्रहण करने के लिये इसका उपयोग करते हैं।

Aspiring for higher education

The table shows parental expectations of a child's educational attainment. About 78% of parents aspire for their girls to attain graduation or higher degrees

Dropping out: Parents of a section of girls said their daughters dropped out of school to help out in the family's earnings R. RAGU

Expected level of education of child	Boy (%)	Girl (%)	Total (%)
Up to elementary	4.4	3.9	4
Up to secondary	2.4	2.8	3
Higher secondary	11.1	15.2	13
Graduation	49.6	50.3	50
Postgraduation/Ph.D.	32.5	27.8	30

- About 80% of parents aspire for their children to become graduates or attain higher degrees
- The survey included responses of 6,229 parents across 21 States of India.

Source: State of Elementary Education in Rural India report

- **कक्षा के आधार पर विभेदक पहुँच:**
  - **कक्षा के विभिन्न स्तरों** पर छात्रों की स्मार्टफोन तक **पहुँच अलग-अलग होती** है। उच्च कक्षाओं
  - (आठवीं और उससे ऊपर) के छात्रों की स्मार्टफोन तक अधिक पहुँच (58.32%) है, **जबकि 42.1% छोटे छात्रों (कक्षा I-III) तक पहुँच है।**
  - यह इंगित करता है कि **मनोरंजन के लिये स्मार्टफोन का उपयोग सभी आयु समूहों में प्रचलित है,** जो संभावित रूप से उनकी शिक्षा को प्रभावित कर रहा है।
- **माता-पिता की आकांक्षाएँ और व्यस्तता:**
  - 78% माता-पिता अपने **बच्चों को स्नातक स्तर या उससे ऊपर की शिक्षा दिलाना चाहते** हैं, **किंतु इस संदर्भ में अभिभावकों की अपने बच्चों के साथ सहभागिता काफी कम** है।
  - केवल 40% माता-पिता अपने बच्चों के साथ उनकी **स्कूली शिक्षा के बारे में दैनिक बातचीत** करते हैं, जबकि 32% **सप्ताह में कुछ दिन ऐसी बातचीत** में संलग्न रहते हैं।
- **स्कूल ड्रॉपआउट का कारण:**
  - **लड़कियों के मामले में** 36.8% माता-पिता ने उल्लेख किया कि पारिवारिक कार्यों में योगदान देने के कारण उनकी बेटियों को पढ़ाई छोड़नी पड़ती है।
    - इस बीच 31.6% ने अपने बच्चे की पढ़ाई में रुचि की कमी को **स्कूल छोड़ने के लिये ज़िम्मेदार ठहराया और 21.1% का मानना था कि इसमें घरेलू ज़िम्मेदारियाँ भी** अहम भूमिका निभाती हैं।
  - **71.8% उत्तरदाताओं** के अनुसार, पढ़ाई छोड़ने का मुख्य कारण विषय-वस्तु में रुचि की कमी थी। इसके बाद **48.7% उत्तरदाताओं को परिवार की आर्थिक सहायता करने के लिये लड़कों की आवश्यकता** महसूस हुई।
- **अभिभावक-शिक्षक बैठकें और सीखने का माहौल:**
  - 84% अभिभावकों ने नियमित उपस्थिति दर्ज की। गैर-उपस्थिति के दो मुख्य कारण हैं- अल्प सूचना और इच्छा की कमी।
  - इसके अतिरिक्त **40% अभिभावकों द्वारा** पाठ्यपुस्तकों के अलावा अन्य आयु-उपयुक्त पठन सामग्री की उपलब्धता की सूचना दी गई, जो घर पर बच्चों की शिक्षा में सहायता के लिये अतिरिक्त संसाधनों की आवश्यकता पर प्रकाश डालता है।

सिफारिशें:

- ये नषि्कर्ष **घर पर शैक्षकि माहौल** बनाने तथा मनोरंजन और सीखने दोनों उद्देश्यों के लयि स्मार्टफोन के संतुलति उपयोग **को बढ़ावा देने हेतु लक्षति प्रयासों की आवश्यकता** पर ज़ोर देते हैं।

[सरोत: द हदिू]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/state-of-elementary-education-in-rural-india-2023